मज़ा भक्तों को सावन की बरसात में आया

मज़ा भक्तों को सावन की बरसात में आया,
की झूमो नाचो बुलावा भोलेनाथ का आया........

पूरे सावन दीवाना मेरा भोलेनाथ रहता है,
दीवाना होकर कावड़िया के साथ साथ रहता है,
बड़ा दिलवाला दिल भक्तो के है साथ लगाया,
तो झूमो नाचो बुलावा भोलेनाथ का आया........

उठाकर कावड भक्तो का दिल ये झूम जाता है,
चेहरा शिव शम्भू का आँखों के आगे घूम जाता है,
जो भी पाया भोले के दरबार से पाया,
हो झूमो नाचो बुलावा भोलेनाथ का आया........

गिरता रहता है यूँही ये बरसात का पानी,
ये ढूंढता रहता है कावड़ियो के हाथ का पानी,
नहाया जब भी बनवारी एक लोटे से नहाया,
हो झूमो नाचो बुलावा भोलेनाथ का आया......

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/28369/title/maza-bhakto-ko-sawan-ki-barsaat-me-aaya

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |